Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to start educational activities in the Degree college in Seohar district, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने शून्य काल में मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर अंतर्गत पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन प्रखंड में डिग्री कॉलेज का नवनिर्मित भवन बना हुआ है।…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: You can associate with the issue raised by Shri Dharmendra Yadav. You can send your names and associate.

… (*Interruptions*)

श्रीमती रमा देवी: परन्तु उसमें अभी तक शैक्षणिक कार्य शुरू नहीं किया गया है।…(व्यवधान)

12 38 hrs

At this stage S/Shri Dharmendra Yadav, Gaurav Gogoi, Jai Prakash Narayan Yadav and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

भवन बनने के बाद भी मधुबन प्रखंड के आस-पास के विद्यार्थियों को डिग्री कॉलेज रहते हुए शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है और पढ़ने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है।…(व्यवधान) यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि डिग्री कॉलेज होते हुए भी पठन-पाठन का कार्य नहीं हो रहा है। उच्चतर शिक्षा की दृष्टि से मेरा संसदीय क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा हुआ है।…(व्यवधान) यह डिग्री कॉलेज उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होता फिर भी इसे चालू नहीं किया जा रहा है। …(व्यवधान)

अत: सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उच्चतर शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा मेरा संसदीय क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत मधुबन प्रखंड के नवनिर्मित डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक कार्य प्रारम्भ कराने हेतु केन्द्र स्तर

से राज्य को निर्देशित किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और डॉ. कुलमणि सामल को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।